संक्षिप्त विज्ञापन

# राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

विज्ञापन सं.: रा.उ.न्या.जो./परीक्षा प्रकोष्ठ/अधीनस्थ न्यायालय/आशुलिपिक/2020/15 दिनांक:17/01/2020

## जिला न्यायालयों में आशुलिपिक ग्रेड-III (हिन्दी/अंग्रेजी) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (स्थाई लोक अदालतों सहित) में आशुलिपिक (हिन्दी) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु प्रतियोगी परीक्षा, 2020

राजस्थान जिला न्यायालय लिपिकवर्गीय स्थापन नियम, 1986 (यथासंशोधित) [Rajasthan District Courts Ministerial Establishment Rules, 1986] (As amended) के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान के जिला न्यायालयों में आशुलिपिक ग्रेड-III (हिन्दी/अंग्रेजी) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (स्थाई लोक अदालतों सहित) में आशुलिपिक (हिन्दी) के निम्न उल्लेखित रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु निर्धारित ऑनलाईन प्रारूप (Online Format) में ऑनलाईन आवेदन (Online Applications) आमंत्रित किये जाते हैं। चयनित अभ्यर्थी नियमानुसार दो वर्ष की अवधि तक रूपये 23,700/- (fixed) प्रतिमाह पारिश्रमिक पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी (Probationer Trainee) के रूप में रहेंगे। परिवीक्षा काल सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उन्हें नियमानुसार पे-मैट्रिक्स लेवल संख्या L-10 के अनुसार पे-स्केल रू. 33,800-1,06,700/- संदेय होगा।

1. रिक्त पदों का विवरणः-

(क) जिला न्यायालयों में रिक्तियां

| पद का नाम | क्षेत्र (Non TSP/ TSP Areas) | सामान्य/ अनारक्षित (GEN) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | अनुसूचित जाति (SC) | अनुसूचित जनजाति (ST) | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | अति पिछड़ा वर्ग (MBC) | कुल रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आशुलिपिक हिन्दी (ग्रेड-III) | गैर-अनुसूचित क्षेत्र | 150 | 24 | 62 | 49 | 39 | 05 | 329 |
| | अनुसूचित क्षेत्र | 08 | - | 00 | 03 | - | - | 11 |
| आशुलिपिक अंग्रेजी (ग्रेड-III) | गैर-अनुसूचित क्षेत्र | 47 | 01 | 01 | 01 | 01 | 00 | 51 |
| | अनुसूचित क्षेत्र | 03 | - | 00 | 00 | - | - | 03 |

(ख) जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (स्थाई लोक अदालतों सहित में रिक्तियां)

| पद का नाम | क्षेत्र | GEN | EWS | SC | ST | OBC | MBC | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आशुलिपिक हिन्दी | गैर-अनुसूचित क्षेत्र | 36 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 36 |
| | अनुसूचित क्षेत्र | 04 | - | 00 | 00 | - | - | 04 |

नोट - क्षैतिजीय आरक्षित पदों हेतु विस्तृत विज्ञापन देखें।

2. ऑनलाईन आवेदन करने की समय सीमाः-

अ. ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 30.01.2020 (गुरूवार) को दोपहर 01.00 बजे से अन्तिम दिनांक 28.02.2020 (शुक्रवार) को सांय 05:00 बजे तक किये जा सकेंगे, इसके उपरांत लिंक निष्क्रिय हो जायेगा।

ब. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क दिनांक 30.01.2020 (गुरूवार) को दोपहर 01.00 बजे से दिनांक 29.02.2020 (शनिवार) को रात्रि 11:59 बजे तक जमा करवाया जा सकेगा, इसके उपरांत लिंक निष्क्रिय हो जायेगा।

स. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक व समय की प्रतीक्षा किये बिना, यथाशीघ्र ऑनलाईन आवेदन करें। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु राजस्थान उच्च न्यायालय की वेबसाईट http://www.hcraj.nic.in पर "विस्तृत विज्ञापन" देखें।

रजिस्ट्रार (परीक्षा)